097 सूरह कदर. (मजामीन)

खुलासा मज़ामीने कुरान उर्दू किताब. मौलाना मलिक अब्दुर्रउफ.

नोट.- ये PDF कोई भाषा या व्याकरण नही हे,
बल्कि दीन-ए-इस्लाम को समझने के लिये हे.

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहिम.

» लैलतुल कदर (अज़्मतवाली रात) के फज़ाईल और नुज़ूले कुरान.

हमने इस कुरान को लैलतुल कदर मे उतारा हे और लैलतुल कदर की ऊंची शान के लिये ये बात काफी हे कि ये रात हज़ार महीनो से बेहतर हे, गोया इस रात मे खेर और भलाई का इतना बडा काम हुवा हे जो इन्सानी तारीख के किसी ज़माने मे नही हुवा था.

इस मुबारक रात मे फरिश्ते और हज़रत जिब्रील (अल) अपने रब की इजाज़त से हर हुक्म के साथ और साल भर के तमाम मखलूक के आमाल नामे जिस्मे उन्के साल भर के मौत और रिज़्क के फैसले होते हे लेकर उतरते हे, ये रात शैतान की किसी भी तरह की शरारत से, तकलीफ पहुंचाने से और उस्के बेहकावे से पूरी की पूरी सलामती से भरी हुई हे सुबह के निकलने तक.